DOON UNIVERSITY NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

मातृशक्ति बिना सशक्त समाज की कल्पना नहीं

नगर में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, वक्ता बोले–महिला समाज के निर्माण की धुरी

दून विवि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कर्मचारियों के साथ विवि की कुलपति प्रो . सुरेखा डंगवाल ● दून विवि

शुक्रवार को गुरुकुल दून अकादमी में सम्मानित हुई महिलाओं और छात्राएं के साथ एकेडमी की निदेशक डा . मीनल शर्मा ● साभार, एकेडमी

जागरण संवाददाता, देहरादून : शहर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संस्थानों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कहा कि बिना मातृशक्ति के सशक्त और कल्याणकारी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

शुक्रवार को दून विश्वविद्यालय में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.सुरेखा डंगवाल ने कहा कि महिला समाज के निर्माण की एक महत्वपूर्ण धुरी है, किसी भी संस्थान में हमारा दायित्व पुरुष कर्मियों की तुलना में कहीं भी कमतर नहीं है। विवि के विकास में आपकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है इस दायित्व का बोध आपके मस्तिष्क में हमेशा रहना संस्थान के विकास के लिए आवश्यक है। इसके अलावा आपकी जिम्मेदारी परिवार का पोषण व समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण है इसलिए कार्यस्थल पर हमें समाज परिवार और संस्थान के दायित्वों के मध्य उचित सामंजस्य स्थापित करना होगा, उसी से एक आदर्श समाज और संस्थान का निर्माण करने की दिशा में हम अपनी भूमिका निभाने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर कुलपति ने छात्रावास में कार्यरत महिला कर्मियों को उनके दायित्व का बोध कराते हुए कहा कि आपको विद्यार्थियों की अभिभावक हैं उनके साथ एक अभिभावक की तरह आपका व्यवहार उनको परिवार से दूर रहकर भी घर का जैसा अनुभव करने में सहायक होगा, साथ ही जो कर्मी अतिथि गृह, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, एवं अन्य विभागों में कार्यरत हैं उनका दायित्व है कि शिक्षण कार्य समय से किस प्रकार उनकी सक्रियता से प्रारंभ हो सके इसके लिए सदैव आपको चिंतित और प्रयत्नशील रहना होगा। क्योंकि विवि में देश के भविष्य का निर्माण होता है और इस दृष्टि से आप राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं।

गुरुकुल का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबन बनाना : गुरुकुल दून अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक डा. मीनल शर्मा ने कहा कि गुरुकुल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबन, एवं बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं ने मेहंदी, रंगोली, अंताक्षरी, एकल गायन जैसी स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया।

ग्राफिक एरा में महिला कर्मचारी सम्मानित : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राफिंक एरा में महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। ग्राफिक एरा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन राखी घनशाला ने 150 से ज्यादा महिला कर्मचारियों को उपहार भेंट किए।

चैरिटेबल ट्रस्ट ने मातृशक्ति को किया सम्मानित : प्रेस क्लब में चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नारी शक्ति सम्मान आयोजित किया गया। इस दौरान माधुरी दानू, भारती आनंद, गीता बिष्ट, योशिता पांडे, ऊषा रावत, रश्मि खत्री, मीना नेगी, प्रभा वर्मा, भारती सकलानी को सम्मानित किया गया। चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रिया गुलाटी ने बताया महिलाएं विभिन्न क्षेत्र में शीर्ष पदों पर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का काम कर रही है। वहीं, जन जागरण अभियान समिति ने डीएल रोड स्थित मलिन बस्ती में केक काटकर महिला दिवस मनाया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

देहरादून : शिखर स्वास्थ्य एवं शिक्षा समिति की ओर से प्रेमनगर के श्यामपुर स्थित सीनियर सिटीजन हाल में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वाली, कुमाऊंनी व गोर्खाली गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद सामाजिक योगदान के लिए लीला कन्याल, शकुंतला राना, आनंदी चंद, पार्वती देवी, आनंदी व उत्तरा बहुगुणा को सम्मानित किया। वहीं एमआरआइ जीएचएस की ओर से पशुपालन निदेशालय के 1962 काल सेंटर में 1962 एमवीयू में कार्य करने वाली डा . दीक्षा उनियाल, डा . प्रिंसा नेगी, सुमन रुडियाल, पायल, अंजली, रेशमा, राधिका व नीमा आदि को सम्मानित किया गया।

हर क्षेत्र में प्रतिभा दिखा रही महिलाएं

मसूरी : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि पर भाजपा महिला मोर्चा मसूरी मंडल द्वारा कचहरी परिसर स्थित श्रीहनुमान सिद्ध मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता कुमाईं ने महिलाओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए जारी की गई हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं अबला नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से लेकर हर क्षेत्र में आगे आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है।

News paper – Dainik Jagran
Date – 09.03.2024